# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-22.06.2025**

**विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त नितिन पाण्डेय थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-282/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त नितिन पाण्डेय पुत्र मुकेश पाण्डेय हाल पता अहिरान बस्ती (पाँचो पाण्डवा शिवपुर) थाना शिवपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक- 22.06.2025 को समय करीब 12.30 बजे शिवपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 21.06.2025 को वादी मुकदमा ने प्रतिवादी नितिन पाण्डेय के विरुद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को अपने साथ बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र दिया गया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 मुकेश विश्वकर्मा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

नितिन पाण्डेय पुत्र मुकेश पाण्डेय हाल पता अहिरान बस्ती (पाँचो पाण्डवा शिवपुर) थाना शिवपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

शिवपुर रेलवे स्टेशन के पास से, दिनांक 22.06.2025 को समय 12.30 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0सं0 -282/2025 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1- उ0नि0 मुकेश विश्वकर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का. राजकुमार गुप्ता थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।




सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।